# GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION

NAAC Accredited with 'B'Grade

Recognised by ERC, NCTE, Bhubaneswar, Affiliated to Vinoba Bhave University, Hazaribag & JAC, Ranchi

JHUMRI TELAIYA, DISTT. KODERMA, (JHARKHAND) - 825409


# E-NEWSLETTER

Bulletin : ISSUE : APRIL TO JUNE 2022



मनीष कपिसिमें
निदेशक



अविनाश सेठ
निदेशक

## From The Directors' Desk

परिवर्तन संसार का नियम है, हमें प्रसन्नता है कि नवनियुक्त प्राचार्य डॉ0 वैष्णो शरण स्वैन के नेतृत्व में महाविद्याल में सृजनशीलता और सांस्कृतिक परिवेश की स्थापना पूर्व की भांति बरकरार रहेगी।

आपके अन्दर विश्वास, विनम्रता, धैर्य अनुशासन और कुछ कर दिखाने का दृढ़ संकल्प है। विशेष पहलू यह कि आपने सकारात्मकता को आत्मसात् और नकारात्मकता का परित्याग किया है। महाविद्याल के उत्तरोत्तर विकास में आपके समर्पित भाव से ऐसा प्रतीत होता है कि वह दिन दूर नहीं जब यह महाविद्याल विनोबा भावे विश्वविद्यालय से झारखण्ड राज्य का अद्वितीय संस्थान होगा। विकास के पथ पर सतत् अग्रसर रहें – इन्हीं शब्दों के साथ हम महाविद्यालय के सभी सदस्यों और प्रशिक्षुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करते हैं।



डॉ संजीता कुमारी
उपनिदेशिका

## From The Deputy Director's Desk

उत्तरोत्तर विकास व्यक्ति के सार्थक दृष्टिकोण को दर्शाता है। मैं संजीता कुमारी विगत 9 वर्षो तक महाविद्यालय में प्राचार्या के पद पर आसीन रही। व्यक्ति के सत्कर्म उसकी पहचान, पद एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि करती है। अब मैं महाविद्यालय में उपनिदेशिका के पद पर आसीन हूँ। मैं अपने निदेशक बंधुओं का कृतज्ञ आभार करती हूँ जिन्होंने मुझे इस योग्य समझा, मैं महाविद्यालय को सदैव उच्च शिखर पर ले जाना चाहती थी, चाहती हूँ और चाहती रहूंगी। महाविद्यालय के सर्वोत्तम, उत्कृष्ट एवं सर्वांगीण विकास हेतु हर संभव प्रयास करूंगी। महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं सभी प्रशिक्षुओं को शुभ आशीर्वाद।



डॉ (प्रो0) बी0सी0 स्वैन
प्राचार्य

## From The Principal's Desk

प्रस्तुत ''सूचनापत्र'' महाविद्यालय में वर्षान्त के तीन महीनों में किए गए विभिन्न ज्ञानवर्धन और रचनात्मक कार्यक्रमों का संकलन है। यह अंक मोतियों की माला की तरह है। यह शैक्षणिक और गुणवत्ता की दृष्टि से प्रकाशपुंज और पाठकों के लिए संजीवनी है। निष्पक्षता और पारदर्शिता इस पत्रिका की मुख्य विशेषताएँ हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय द्वारा अप्रैल माह में टैलेंट सर्च, पोस्टर मेकिंग जो पृथ्वी दिवस पर आधारित था, गाइडेंस एंड काउंसलिंग से संबंधित कार्यशाला का अयोजन हुआ। मई माह में योग के प्रति जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही सभी प्रशिक्षुओं को प्राइज वितरित किया गया। जून माह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें योग से संबंधित सभी गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षुओं को अवगत कराया गया और ओरियंटेशन प्रोग्राम बी.एड. 2021–23 द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं का हुआ।

इन शब्दों के साथ मैं निदेशक बंधुओं–आदरणीय अविनाश सेठ और मनीष कपसिमे एवं उपनिदेशिका डॉक्टर संजीता कुमारी को आभार व्यक्त करता हूँ। साथ मैं अपनी टीम के सभी सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं को भी धन्यवाद करता हूँ जिनकी तत्परता और सहयोग से संपूर्ण कार्यक्रम सफल रहा।

## EDUCATIONAL EXCURSION B.Ed. SESSION (20-22)












## EDUCATIONAL SURVEY B.Ed. SESSION (21-23)






# PERSONALITY DEVELOPMENT PROGRAMME B.Ed. (21-23)













# ANTI RAGGING AWARENESS PROGRAMME





# SPEECH COMPETITION (AMBEDKAR JAYANTI)












# POSTER MAKING





## YOGA AWARENESS PROGRAMME












## GUIDANCE AND COUNSELLING PROGRAMME



## ORIENTATION PROGRAMME B.Ed. (21-23)










## INTERNATIONAL YOGA DAY






# होंसला रख, होंसला रख...



गुजर जाऐगी ए काली रात जल्द ही होगा नया सवेरा..
फिरसे देखने मिलेगा वो पंछीवो का प्यारा बसेरा..
आजतक ये वक्त कभी नहीं ठहरा है..
जितना तू सोचता है उतना भी जख्म नहीं तेरा गहरा है..
होंसला रख उम्मीद रख जिंदगी का हर पल नया है..
देख मत पीछे मुड़कर पीछे तो बस यादों का ही साया है..
फिर भी न जाने क्यों तू गुज़रे कल में ही खोया है..
आगे लम्हे तुझे बुला रहे हैं..
और तू ओढ़े चादर डर के चुपचाप सोया है..
वक्त के साथ तू चलना सीखले..
आखों में तेरे जिंदा सपने हैं..
उन्हें भी तो गौर से देखले..
माना की ये जिंदगी सताती बहोत है..
कभी हंसाती तो कभी रूलाती भी बहोत है..
लेकिन याद रख..
रोना जरूरी है हसने के लिए..
और हंसना जरूरी है जीने के लिए..!

पूजा कुमारी
Roll No. 04
B.Ed.(2021-23)



# सच है विपत्ति जब आती है

सच है विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलती है,
शूरमा नहीं विचलित होते,
एक पल नहीं धीरज खोते,
विघ्नों को गले लगाते हैं,
कांटों में भी राह बनाते हैं !
है कौन विघ्न ऐसा जग में,
टिक सके वीर नर के मग में,
खम ठोंक ठेलता है जब नर,
पर्वत के जाते पांव उखड़,
मानव जब जोर लगाता है,
तो पत्थर पानी बन जाता है !

पंकज कुमार दास
Roll No.11
(D.El.Ed.2020-22)

# माँ



जो होती ममता की मूरत वो है माँ,
जो लगती बहुत खूबसूरत वो है माँ,
जो देती खुशियों का आँचल वो है माँ,
जो होती सबसे प्यारी वो है माँ,
जो रोकर भी खुद हँसाती वो है माँ, कप्र
जो रहकर भूखी हमें खिलाती वो है माँ,
जो देती है हर पल नसीहत वो है माँ,
जो होती ममता की मूरत वो है माँ,
वही एक है जो लुटाती है खुशियाँ,
ममता की अपने बहाती है नदियाँ,
बिना चाहे जो करती सेवा हमारी,
वो माँ ही है जो होती प्राणों से प्यारी,
जो कहती है हमको आँखों का तारा,
जो देती है हमको हर पल सहारा,
जो बह निकले आँखों से आँसू हमारे,
देती वही हमको आँचल का साया,
सागर है करूणा का जिसमें वो है माँ,
जो होती ममता की मूरत वो है माँ,

**चंदा कुमारी**
Roll No.08
**(D.El.Ed. 2020-22)**

# भूमि प्रदूषण और सुरक्षा

**Manoj Kumar Rana**
Roll No.73
B.Ed. (2021-23)

पृथ्वी हमारी थी हरी भरी, आज मानव से है डरी डरी;
क्या हम भी गुनहगार हैं, पेड़ों पर चलाए कटार हैं।
क्यों कटते जा रहे हैं जंगल, क्या तैयारी है जाने को मंगल;
भूमि को भी बंजर बनाए हैं, थैले छोड़ प्लास्टिक लाए हैं।
अधिक उपज की चाहत में, मिट्टी को उर्वरक खिलाए हैं।
कारखानों का दूषित कचरा हर तरफ है धरा पर पसरा।
तापमान 40° झेल रहे हैं, आग से जैसे खेल रहे हैं।
ध्रुवीय बर्फ पिघल जायेंगे, दरिया हमें निगल जायेंगे।
हम ख़ुद से क्यों अनजान हैं, अपने बच्चों के ही सैतान हैं।
उपजाऊ खेत न बच पाएगा, अगली पीढ़ी क्या खाएगा।
चलो ख़ुद से एक संकल्प लें, बचाव के कुछ विकल्प ढूंढे ।
प्लास्टिक इधर उधर न बिखराएंगे, हमेशा गड्ढे खोदकर ही दबाएंगे ।
अगर उत्पाद फसल का बढ़ाना है, जैविक खाद ही प्रयोग में लाना है।
अपने दायित्व समझें न लापरवाह बने, फैक्ट्री अपशिष्ट नाली में ही प्रवाह करे
हम प्रदूषण की समस्या सुलझाएंगे, हर जन्म दिन पर एक पेड़ लगाएंगे।
भूमि सुरक्षा में सबकी हिस्सेदारी हो, स्वच्छ बनाने में सबकी जिम्मेदारी हो ।



Arti Kumari
Roll No.३७
B.Ed. (2021-22)

# O' God! Help Me

O' God! help me,
faithless and hopeless your children,
how can alive in this world,
that seem darkness and trouble.
The symbol of you in my parents,
has been deprived by you,
whom, I pray day and night
as they were real, God on the earth
My dear Mom ! my inspiration,
always guides and wish for me,
that is the secret of my success,
could I forget to her ! never,

'O' my dear father care about me,
give me shining just like as you,
may be worth for people just
like you,
'O' God! help me.

# SUCCESS

Success is a journey,
It is not a destiny,
Success is achieved,
It is not received,
The path of success is,
Full of difficulties,
The great barriers of success,
is the failure, fearness,
But if you have ignorance
Then get Confidence
These are the things,
Which give you wings,
To fly so high,
In the sky,
So, forget the fearness,
To achieve the success.




**Vikash Kumar**
**Roll No. 34**
**B.Ed. (2021-23)**



# Achievements

Best House of the Month April, 2022 :- Aristotle House

| 100% Attendance for the month April 2022 | |
|---|---|
| Puja Kumari | 04 |
| Arti Kumari | 37 |

| 100% Attendance for the month May 2022 | |
|---|---|
| Nikhat Praween | 01 |

| 100% Attendance for the month June 2022 | |
|---|---|
| Arti Kumari | 37 |
| Sabnam Praveen | 53 |
| Sonu Pandit | 94 |
| Mahanand Kr. Verma | 95 |
| Nandlal Kr. Verma | 96 |
| Mitali Gautam | 99 |


# Editorial Board

*Chief Editor :-*

**Dr. (Prof.) B.C. Swain**

*Editor :-*

Mr. Manish Kumar Paswan

*Editorial Board Students :-*

Suraj Pratap Singh

Vikram Dangi

Shabnam Praveen


*To*